**प्रादेिक समाचार**
**दिनांक–27.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)**

*************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अक्तूबर को हजारीबाग में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा आज हजारीबाग आयेंगे।

*************

भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दोपहर बाद पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में पार्टी की परिवर्तन महासभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले उन्होंने लातेहार में पत्रकारों से बातचीत में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया।

*************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड खनिज धारित भूमि उपकर विधेयक–2024 पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। राज्यपाल की स्वीकृति के बाद अब गजट प्रकाशन के साथ ही राज्य में यह कानून लागू हो जायेगा। इसके साथ ही राज्य सरकार अब खनन वाली जमीन पर सेस लगा सकेगी। राज्य सरकार ने विधानसभा के माध्यम से इस विधेयक को राज्यपाल के पास स्वीकृति के लिए भेजा था।

*************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य सरकार को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में पेपर लीक होने की मिल रही शिकायतों की जांच कराने को कहा है, ताकि इस परीक्षा के साथ ही आयोग की विश्वसनीयता कायम रहे। इस सिलसिले में राज्यपाल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। राज्यपाल ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष से भी सीजीएल परीक्षा के संबंध में तथ्य के साथ स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा है। गौरतलब है कि कई छात्र संगठनों ने 21 और 22 सितंबर को आयोजित सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की है।

*************

भाजपा ने भी जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने आज रांची में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने एक बार फिर नौकरी बेचने का काम किया है।

*************

दुमका जिले में चौकीदार पद पर सीधी नियुक्ति और बैकलॉग भर्ती के लिए 29 सितंबर को होने वाली लिखित परीक्षा स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सुबह 11 बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक आयोजित होनी थी। यह जानकारी जिले के उपयुक्त ए दोड्डे ने दी।

*************

स्वच्छता ही सेवा अभियान चतरा जिले में जोर शोर चलाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*************

रांची समेत राज्य के कई जिलों में बारिश का सिलसिला जारी है। आज पलामू, गढ़वा और लातेहार के अलावा गोड्डा, साहिबगंज और पाकुड़ में भी भारी बारिश का पूर्वानुमान है। इसे लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल से मौसम साफ होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी बताया कि बंगाल की खाड़ी में दो अक्तूबर से फिर निम्न दवाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इससे तीन अक्तूबर से सात अक्तूबर तक झारखंड में बारिश हो सकती है।

******समाप्त************